Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:40 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:14 बजे



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 108 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. बुधवार, 16 अक्टूबर 2024

अपनी बेटी आराध्या के लिए...पेज-3 पर

## कुमाऊं द्वार महोत्सव: मैथिली ठाकुर ने कुमाऊंनी-गढ़वाली गीतों से बांधा समां

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी में पांच दिवसीय कुमाऊं द्वार महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजन के पहले दिन महोत्सव का उद्घाटन करने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हल्द्वानी पहुंचे जहां एमबी इंटर कॉलेज मैदान में महोत्सव का उद्घाटन करते हुए आयोजकों को बधाई दी। उद्घाटन के पहले दिन देश की जानी-मानी लोक गायिका मैथिली ठाकुर कार्यक्रम में अपने गीतों से लोगों को झूमने



को मजबूर कर दिया। मैथिली ठाकुर कुमाऊनी और गढ़वाली गीतों के साथ-साथ सांस्कृतिक और धार्मिक गीतों को गाया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मैथिली ठाकुर के गीतों

**महोत्सव**
- पांच दिवसीय कुमाऊं द्वार महोत्सव का आयोजन
- भारी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे

को सुनने के लिए खुद कार्यक्रम स्थल पर काफी देर तक मौजूद रहे। पांच दिवसीय कार्यक्रम में पहुंची मैथिली ठाकुर ने कहा कि उत्तराखंड से उनका काफी लगाव है और देवभूमि के लोगों से मुलाकात कर अच्छा लग रहा है। मैथिली ठाकुर ने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति की पहचान पूरे देश दुनिया में की जाती है जहां उन्होंने खुद अपने आवाज में कुमाऊनी और गढ़वाली कई गीतों को गया है। और उनका सौभाग्य है कि देवभूमि के लोगों के सामने अपनी प्रस्तुति देने का मौका मिला है।

मैथिली ठाकुर के गीतों के सुनने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। पांच दिवसीय कुमाऊं द्वारा महोत्सव में प्रतिदिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ उत्तराखंड कल्चर पर आधारित प्रतियोगिताएं भी कराई जाएगी।

## News कॉर्नर

### भवाली-अल्मोड़ा हाईवे पर पहाड़ी से गिरा भारी मलबा

**भवाली।** भवाली-अल्मोड़ा हाईवे पर पहाड़ी से भरभराकर मलबा गिर गया। यहां यात्रियों को भी मुसीबत का सामना करना पड़ा। गरमपानी नैनीताल स्थित भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग में क्वारब पुल के पास की अति संवेदनशील पहाड़ी से भर भराकर भारी मलबा पत्थर गिर गए। इस बीच बागेश्वर से हल्द्वानी की तरफ खड़िया लेकर जा रहा कैंटर खाई की ओर लटक गया। सड़क में यातायात ठप होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्री और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खैरना पुलिस ने सड़क बंद होने पर अल्मोड़ा की तरफ जाने वाले वाहनों को बाया रानीखेत की तरफ भेजा, जिस कारण यात्रियों को 50 किमी अतिरिक्त सफर करना पड़ा। सुबह साढ़े नौ बजे सड़क नहीं खुलने से वाहन चालक और यात्री सड़क खुलने का इंतजार कर रहे।

### जम्मू-कश्मीर के नए मुख्यमंत्री बनेंगे उमर अब्दुल्ला



**जम्मू।** अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस की जीत के बाद उमर अब्दुल्ला के जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए मंच तैयार है। नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता इफरा जान का कहना है, आज जो सीएम शपथ लेंगे, उन्हें जम्मू-कश्मीर की 1.35 करोड़ जनता ने चुना है। मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई देना चाहती हूं क्योंकि आज उनकी चुनी हुई सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन के बारे में फैलाई जा रही अफवाहें निराधार हैं, इंडिया गठबंधन मजबूत और एकजुट है।

## सर्वसम्मति से चुने गए भाजपा विधायक दल के नेता

नई दिल्ली
एजेंसी

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटें जीतकर ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। नायब सैनी को सीएम प्रोजेक्ट कर भाजपा ने ये चुनाव लड़ा था। खुद पीएम नरेंद्र मोदी उन्हें सीएम बता चुके थे।

हरियाणा के नए सीएम नायब सैनी होंगे। पंचकूला स्थित भाजपा दफ्तर में भाजपा विधायक दल की बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से चुन लिया गया। भाजपा के पर्यवेक्षक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव बैठक में मौजूद रहे। विधायक दल की बैठक में अनिल विज और कृष्ण बेदी ने सैनी का नाम रखा था। सैनी गुरुवार को पंचकूला में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। शाह ने कहा कि बैठक में एक ही प्रस्ताव मिला जो नायब सिंह सैनी के नाम का था। मैं उनका नाम घोषित करता हूं। नायब सैनी को बहुत बहुत बधाई देता हूं। गृहमंत्री अमित शाह



रात को चंडीगढ़ के ललित होटल में रुकेंगे। गुरुवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद पीएम नरेंद्र मोदी हरियाणा राजभवन में मीटिंग लेंगे। भाजपा ने अपने सभी 48 विधायकों को अगले दो दिन चंडीगढ़ में ही रहने के निर्देश जारी किए हैं। होटल ललित और हरियाणा राजभवन सेक्टर-6 में काफी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। वहीं होटल हयात में छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इनमें बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, नगालैंड और पुडुचेरी के सीएम शामिल हैं। बैठक में शामिल होने नायब सैनी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली बीजेपी कार्यालय पहुंच गए हैं। पार्टी में नायब सिंह सैनी के नाम को लेकर कोई शक नहीं है। भाजपा ने उनके नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा था। यहां तक कि अमित शाह ने चुनाव से पहले पंचकूला में कार्यकर्ताओं की बैठक एलान किया था कि भाजपा की सरकार बनने पर नायब सिंह सैनी ही राज्य के मुख्यमंत्री होंगे।

## देहरादून एयरपोर्ट पर विमान के अंदर बम मिलने की सूचना से हड़कंप

देहरादून
हमारे संवाददाता

फ्लाइट के देहरादून पहुंचते ही सुरक्षा एजेंसियों ने इसे घेर लिया। आनन-फानन सभी 32 पैसेंजर को नीचे उतरा गया। जिसके बाद विमान को एक वाहन से खींचकर एयरपोर्ट टर्मिनल से लगभग तीन किलोमीटर दूर रनवे की शुरुआत में ले जाया गया।

देहरादून एयरपोर्ट पर एक विमान में बम मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पुलिस, सुरक्षा एजेंसियों और बम निरोधक दल ने विमान को घेर लिया। एयरपोर्ट पर डॉग स्क्वाड की टीम भी मौके पर पहुंची। कई घंटे तक इस विमान की तलाशी ली गई। देहरादून एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ को ट्विटर हैंडल पर एलाइंस एयर के विमान में बम मिलने की सूचना मिली। यह फ्लाइट शाम करीब 4:30 बजे अमृतसर से देहरादून पहुंची थी। इस फ्लाइट के देहरादून पहुंचते ही सुरक्षा

### दूसरी फ्लाइट को डायवर्ट किया गया

देहरादून एयरपोर्ट पर जिस वक्त एलाइंस एयर के विमान में बम की सूचना मिली। उस वक्त अन्य शहरों की फ्लाइट्स को देहरादून आना था, लेकिन इन फ्लाइट्स को डायवर्ट कर दिया गया। एयरपोर्ट पर जीरो जोन कर दिया गया। वहीं एयरपोर्ट पर यात्रियों को भी अंदर ही रोक दिया गया।

एजेंसियों ने इसे घेर लिया। आनन-फानन सभी 32 पैसेंजर को नीचे उतरा गया। जिसके बाद विमान को एक वाहन से खींचकर एयरपोर्ट टर्मिनल से लगभग तीन किलोमीटर दूर रनवे की शुरुआत में ले जाया गया। जहां सीआईएसएफ, उत्तराखंड पुलिस और बम निरोधक दल ने विमान को घेर लिया। इस दौरान एयरपोर्ट पर हड़कंप की स्थिति बनी रही।

## डीएम ने बाजपुर की गन्ना पेराई सत्र की तैयारियों का स्थालीय निरीक्षण किया

बाजपुर
हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक उत्तराखंड शुगर्स उदयराज सिंह ने अधिकारियों के साथ चीनी मिल बाजपुर की गन्ना पेराई सत्र 2024-25 की तैयारियों का स्थालीय निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गन्ना पेराई जल्द शुरू होने वाला है इसलिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ले, ताकि समय से गन्ना पेराई प्रारम्भ हो सकें। महाप्रबंधक चीनी मिल हरवीर सिंह ने बताया कि चीनी मिल का बॉयलर आदि मशीनों का मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है जो 30 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा ताकि गन्ना पेराई समय से प्रारम्भ की जा




सकें। जिलाधिकारी ने चीनी मिल में मेंटेनेंस आदि के कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करें व माह नवम्बर के प्रथम सप्ताह में गन्ना पेराई शुरू करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेश कुमार, गौरव शर्मा, महाप्रबंधक उत्तराखंड शुगर्स विजय पाण्डे, एसडीएम राकेश तिवारी, महाप्रबंधक चीनी मिल हरवीर सिंह आदि मौजूद थे।

## 15 दिन और कर सकेंगे फूलों की घाटी के दीदार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

इस साल अभी तक घाटी में 19,425 पर्यटक पहुंच चुके हैं। घाटी में अभी तक सबसे अधिक पर्यटक पहुंचने का रिकॉर्ड 2022 का है, जब यहां 20830 पर्यटक पहुंचे थे।

विश्व धरोहर फूलों की घाटी अब 15 दिन बाद 31 अक्टूबर को पर्यटकों के लिए बंद कर दी जाएगी। इस साल अभी तक घाटी में 19,425 पर्यटक पहुंच चुके हैं। घाटी में अभी तक सबसे अधिक पर्यटक पहुंचने का रिकॉर्ड 2022 का है, जब यहां 20830 पर्यटक पहुंचे थे। फूलों की घाटी हर साल एक जून को पर्यटकों के लिए खोली जाती है और 31 अक्तूबर को बंद कर दी जाती है। पर्यटक यहां प्राकृतिक सुंदरता और फूलों को देखने के लिए आते हैं। घाटी में जुलाई और अगस्त माह में सबसे अधिक फूल खिलते हैं। इसी



समय यहां सबसे अधिक पर्यटक भी पहुंचते हैं। इस बार यहां 327 विदेशी पर्यटक भी घाटी पहुंचे हैं।

हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के बाद फूलों की घाटी में भी पर्यटकों की आवाजाही कम हो जाती है। फूलों की घाटी की वन क्षेत्राधिकारी चेतना कांडपाल ने बताया कि पिछले साल की तुलना में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। अभी तक 19,425 पर्यटक घाटी पहुंचे हैं और विभाग को 31 लाख 73 हजार 400 रुपये की आय प्राप्त हुई है। 31 अक्टूबर तक पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होगा।

### पिछले साल की तुलना में बढ़ी संख्या

घाटी में पिछले साल की तुलना में इस साल पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ी है। पिछले साल अभी तक 13161 पर्यटक ही घाटी में आए थे जिसमें 401 विदेशी पर्यटक शामिल थे। जबकि इस साल अभी तक 19 हजार से अधिक पर्यटक यहां पहुंच चुके हैं। अभी घाटी में आवाजाही के लिए दो सप्ताह का समय शेष है।

# सीएम धामी ने जिले को दिया सौगातों का पिटारा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



दो दिवसीय नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार श्री पुष्कर सिंह धामी ने जिले को विभिन्न सौगातें दी। जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के प्रभावित परिवारों को प्रतिकर एवं पुनर्वासन तथा पुनर्स्थापना सहायता राशि वितरित की।

हल्द्वानी भ्रमण पर पहुंचे मुख्यमंत्री द्वारा स्थानीय एचएन इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए जिले के विकास हेतु रु.-17218.57 करोड़ की लागत की 18 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जमरानी बांध परियोजना के 1267 प्रभावितों को रुपये 4 अरब 79 करोड़ 84 लाख 18 हजार की धनराशि वितरित की जानी है। मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 494 प्रभावितों को रुपये 1 अरब 95 करोड़ 51 लाख 67 हजार की धनराशि उनके खाते में ऑनलाइन डाली गई। शेष लाभार्थियों को भी शीघ्र ही धनराशि उनके खाते में सत्यापन के उपरान्त डाल दी जाएगी जिसकी कार्यवाही चल रही है। राज्य सरकार द्वारा परियोजना से विस्थापित परिवारों को उनके पुनर्वास के लिए जनपद उधम सिंह नगर के प्रयाग फार्म स्थित ग्राम गडरियाबाग में 300.5 एकड़ भूमि सिंचाई विभाग को निशुल्क आवंटित की गई है। यह भूमि इंडस्ट्रियल एरिया में दी गई है, जिसका सर्वांगीण विकास किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, माननीय सांसद अजय भट्ट, माननीय विधायक सरिता आर्य, रामसिंह कैडा, बंशीधर भगत, दीवान सिंह बिष्ट, डा0 मोहन सिंह,अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया, दर्जा मंत्री डा0 अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्य, सुरेश भटट जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, निवर्तमान मेयर डा0 जोगेन्दर पाल सिंह रौतेला, रंजन बर्गली, उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग मजहर नईम नवाब, डा0 जेड ए वारसी, राजेन्द्र बिष्ट, दीपक मेहरा के साथ ही आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, डीआईजी डा0 योगेन्द्र रावत जिलाधिकारी वंदना सिंह, एसएसपी पीएन मीणा, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा0 अरूण जोशी,डा0 केसी पाण्डे के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी, गणमान्य जमरानी बांध विस्थापित, मातृशक्ति आदि उपस्थित थे।

# आरटीओ कार्यालय की हालत देख सीएम हुए नाराज



**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अपराह्न में संभागीय परिवहन कार्यालय, हल्द्वानी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न पटलों में जाकर विभिन्न जानकारी लेने के साथ ही सम्पूर्ण कार्यालय का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कुमाऊं कमिश्नर को आरटीओ कार्यालय के संबंध में रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समय से कार्यालय आने, तय समय पर ही कार्यालय से जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मानकों के अनुसार आमजन की सहूलियत को देखते हुए सरलीकरण समाधान और निस्तारण पर जनता से जुड़े कार्य प्राथमिकता से हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन कार्यालय से संबंधित कार्यों में आम जन को बेवजह ना लटकाया जाए। सभी अधिकारी फाइलों पर नो पेंडेंसी पर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कार्यालय में इधर-उधर पड़ी फाइलों पर नाराजगी जताते हुए फाइलों को व्यवस्थित तरीके से रखने एवं अधिक से अधिक फाइलों को डिजिटल मोड में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा दफ्तरों में ई-फाइलिंग, एवं ई-रिकॉर्ड को भी बढ़ावा दिया जाए।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों में जाकर पटल सहायक से उनके द्वारा पंजीकरण, प्रवर्तन आदि से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने आयुक्त एवं जिलाधिकारी को समय समय पर कार्यालय का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।इस दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों समेत अधिकारी उपस्थित रहे।



# शिष्टमंडल ने सूबे के सीएम पुष्कर धामी से मुलाकात की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड महापरिषद लखनऊ के शिष्टमंडल ने सूबे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री से लखनऊ में आगामी 9 से 18 नवम्बर तक होने जा रहे दस दिवसीय ऐतिहासिक उत्तराखंड महोत्सव-2024 को लेकर विस्तार से वार्ता कर वहां आने का आमंत्रण पत्र भी सौपा।

बता दें कि उत्तराखंड महापरिषद के शिष्टमंडल द्वारा महापरिषद के अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत के नेतृत्व में मिला। शिष्टमंडल में महापरिषद के महासचिव भरत सिंह बिष्ट और वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगल सिंह रावत शामिल रहे। शिष्टमंडल ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की तथा उत्तराखंड महोत्सव 2024 हेतु आमंत्रित किया, साथ ही उत्तराखंड दर्पण भी उन्हें भेंट की गई। इस अवसर पर उत्तराखंड महापरिषद द्वारा किए जा रहे सामाजिक तथा साहित्यक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों से भी मुख्यमंत्री को अवगत किया गया।

# विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं मंडल के सबसे बड़ी छात्र संख्या वाले एमबी महाविद्यालय में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आयुष सिंह सत्याल कॉलेज के छात्र छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण पर नैनीताल लेकर पहुंचे । जहां पर छात्र छात्राओं ने हनुमान गढ़ी में अंजनी पुत्र हनुमान के दर्शन एवं नैनीताल के पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया ।

अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आयुष सिंह सत्याल ने जानकारी देते हुए बताया महाविद्यालय में आगामी छात्र संघ चुनावों को लेकर उनका समर्थन कर रहे 1000 छात्र छात्राओं को चुनाव नजदीक आने पर अत्यधिक मेहनत करनी पड़ती है, उनके समर्थक अपनी पूरी ऊर्जा से चुनाव प्रचार करें उसके लिए नैनीताल भ्रमण करवा कर उनको मानसिक रूप से तैयार कर मजबूती प्रदान करने का कार्य किया गया । प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण साबित हो उसके लिए उनको नैनीताल जू , स्नो व्यू , एवं उत्तराखंड उच्च न्यायालय भी घुमाया गया । अपने समर्थकों को तरोताजा कर छात्रसंघ चुनावों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का लाभ लेने का भरपूर प्रयास किया जाएगा । चुनाव जीतने के बाद अपने समर्थकों के साथ हर सुख दुख में खड़ा रहने की बात भी आयुष सिंह सत्याल इस दौरान की ।



## NEWS / फटाफट

### मेघा भंडारी ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के जंतु विज्ञान विभाग की मेधावी शोध छात्रा मेघा भंडारी ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। बता दें कि मेधा भंडारी प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट वाइस चांसलर एसएसजे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के अधीन शोधरत हैं। मेघा ने यू सेट 2024 की परीक्षा भी पास कर चुकी हैं। मंगलवार को जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर हरीश चंद्र सिंह बिष्ट समेत डा. मनोज, डा. हिमांशु पाण्डे, डा. दीपक कुमार, डॉ. दीपिका गोस्वामी, डॉ दिव्या पांगती, डॉ. संदीप मंडोली, डॉ दीपक मेलकानी, डॉ सीता देवली, डॉक्टर उजमा सिद्दीकी, डॉ राशि मिगलानी, डॉ नेत्रपाल, डॉक्टर नगमा परवीन तथा समस्त स्नातकोत्तर छात्राओं ने छात्र-छात्राओं ने मेघा भंडारी की इस उपलब्धि हेतु बधाइयां दी। विभाग में मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई गयी साथ ही विभाग परिवार की ओर से मेघा भंडारी के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

### बारापत्थर और टंकी बैंड से अतिक्रमण हटाया



**नैनीताल ।** जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर पालिका की टीम की ओर से मंगलवार को किलबरी समेत बारापत्थर और टंकी बैंड में अतिक्रमण हटाया गया। बता दें कि इन सभी क्षेत्रों में लंबे समय से लोगं की ओर से दुकानें लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा था। अतिक्रमण होने के कारण आने जाने वाले लोगों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पालिका की ओर से कार्यवाही कर सडक़ के किनारे लगे फ ंड खोको को हटाया गया। इस दौरान टीसी सुनील कुमार खोलिया, पीयूष भंडारी, अंकित बिष्ट, दीपराज तथा सचिन कुमार व विक्की आदि लोग मौजूद थे।

### सडक़ किनारे पार्क किए वाहन बन रहे जाम का झाम

**नैनीताल।** नगर के कई मुख्य मार्गो को स्थानीय लोगों व पर्यटकों ने पार्किंग स्थल बना दिया है लेकिन पुलिस सडक़ किनारे पार्क वाहनों को नहीं हटवा पा रही है। सडक़ किनारे पार्क हो रहे वाहन वीकेंड के दौरान जाम का कारण बन रहे हैं। बता दें कि तल्लीताल क्षेत्र में पार्किंग की समस्या के चलते लोग वाहन सडक़ किनारे पार्क करने के लिए मजबूर हैं लेकिन सडक़ में पार्क वाहनों से जाम लगने की समस्या भी होती है। बीते लंबे समय से तल्लीताल क्षेत्र में लोगों को पार्किंग की सुविधा न मिलने से धर्मशाला से पुराना कूड़ाखड तक स्थानीय व पर्यटक वाहन पार्क कर रहे हैं। वीकेंड के दौरान सडक़ के दोनों ओर वाहन पार्क होने से कई बार जाम लग रहा है जिससे आवाजाही करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है लेकिन उसके बाद भी पुलिस सडक़ से पार्क वाहनों को नहीं हा पा रही है। मामले में सीओ प्रमोद साह ने बताया कि दशहरे के कारण इस बार वीकेंड ज्यादा दबाव वाला था, आगे सडक़ किनारे वाहन पार्क करने वालों पर नजर रख चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल लेक ब्रिज चुंगी के समीप एक कार चालक ने रौंग साइड जाकर एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है । जानकारी के अनुसार चार्टन लॉज निवासी राहुल अपनी बाइक से शाम आठ बजे तल्लीताल से मल्लीताल को जा रहा था। इस दौरान लेक ब्रिज चुंगी से पहले ही मल्लीताल से आती एक कार ने रौंग साइड आकर उसकी बाइक को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बाइक में सवार राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान कार सवार मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल को सडक से उठाकर पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे चीता कांस्टेबल अमित गहलोत ने लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया। पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि घायल को उपचार के बाद छुट्टी दे दी है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# दो वर्षों से प्रभावित व्यायाम शिक्षकों काउंसलिंग हेतु कर्यालय बुला रहे फिर भी हो सका समायोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



मंडलीय अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) कुमांउ मण्डल नैनीताल द्वारा पिछले दो वर्षों से प्रभावित व्यायाम शिक्षकों काउंसलिंग हेतु कर्यालय बुलाया गया जबकि महिला शाखा में केवल एक पद रिक्त था।

इस दौरान बागेश्वर की माहिला शिक्षिका सुधा शर्मा का कहना था कि पिछले दो सालों से व्यायाम शिक्षक प्रभावित हुए हैं जिनकी 40 से 45 तक को चुकी है जिन्हें आज नैनीताल बुलाया गया है। एक सीट के लिये औरो को बुलाने का क्या औचित्य रहा। कहा कि सरकार द्वारा अतिथि शिक्षक व्यायाम के शिक्षको को बार-बार समायोजन का आश्वासन दिया जाता रहा है जबकि अभी तक अतिथि शिक्षक व्यायाम का कही भी समायोजन नहीं हो पाया है। कहा कि सरकार द्वारा व्यायाम शिक्षकों को रमसा के विद्यालयों में समायोजित करने का आश्वासन दिया गया जो कि अभी तक नहीं हो पाया। कहा कि विगत दो सालों से अतिथि शिक्षक व्यायाम मानसिक एवं आर्थिक रूप से सरकार द्वारा स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं। विगत एक वर्षों से विभाग में कार्य करने के वावजूद हमारा कोई भविष्य सुरक्षित नहीं दिखाई दे रहा। इस दौरान बागेश्वर की शिक्षिका सुधा शर्मा,सुनील मिश्रा, सुरेंद्र सिंह नायक,ओखलकांडा देवेंद्र सिंह खोलिया, उधम सिंह नगर अशोक कुमार चंपावत, सुरेंद्र लाल चंपावत.भोपाल नेगी अशोक भोज तथा विनोद कर्नाटक प्रियंका खर्कवाल आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# अभिमत



## दुस्साहस व शर्मनाक

*भारत में रह रहे मुसलमान पाकिस्तान के वाशिंदों से कहीं अधिक अच्छी स्थिति में हैं। भारत के संविधान में अल्पसंख्यक दर्जा देकर विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं, लेकिन समुदाय विशेष के लोग विदेशों की घटना को लेकर भारत में अनावश्यक माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं। लेबनान में हिजबुल्ला संगठन के चीफ हसन नसरुल्लाह के मारे जाने के विरोध में लखनऊ में प्रदर्शन किया गया। दुकानों और घरों पर काले झंडे लगाये गये। जुलूस में शामिल लोग इजरायल और अमेरिका विरोधी नारे लगा रहे थे। पुलिस द्वारा जुलूस को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन लोग रुके नहीं। यह सरासर दुस्साहस और शर्मनाक है।*

भारत ने कभी किसी पर आक्रमण नहीं किया और किसी भी देश को गुलाम नहीं बनाया है। भारत पर मुगल आक्रांताओं ने आक्रमण किया। सदियों तक मुगल बादशाहों ने धर्म परिवर्तन, दुष्कर्म और उत्पीड़न किया। जजिया के तौर पर टैक्स वसूली करके जुल्म किये। मुगल बादशाहों के बाद ब्रिटिश शासकों ने भारत को गुलाम बनाया। भारत की अकूत सम्पदा को लूटकर ब्रिटेन ले जाया गया। भारत कृषि प्रधान देश था और वर्तमान में भी है। अंग्रेजों ने लगान के रूप में किसानों से टैक्स वसूली की और किसान भुखमरी के शिकार हुए। भारत अब आजाद है। हालांकि विदेशी आक्रमण के कारण भारत के कई हिस्से अलग देश बन चुके हैं। अंग्रेजों ने साजिश के तहत स्वतंत्रता के दौरान भारत का विभाजन करके इस्लामी राष्ट्र पाकिस्तान का निर्माण कर दिया। धर्म के आधार पर विभाजन होने पर भी करोड़ों मुसलमानों को भारत से पाकिस्तान जाने को बाध्य नहीं किया गया। वर्तमान में भारत में रह रहे मुसलमान पाकिस्तान के वाशिंदों से कहीं अधिक अच्छी स्थिति में हैं। भारत के संविधान में अल्पसंख्यक दर्जा देकर विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं, लेकिन समुदाय विशेष के लोग विदेशों की घटना को लेकर भारत में अनावश्यक माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं। लेबनान में हिजबुल्ला संगठन के चीफ हसन नसरुल्लाह के मारे जाने के विरोध में लखनऊ में प्रदर्शन किया गया। दुकानों और घरों पर काले झंडे लगाये गये। जुलूस में शामिल लोग इजरायल और अमेरिका विरोधी नारे लगा रहे थे। पुलिस द्वारा जुलूस को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन लोग रुके नहीं। यह सरासर दुस्साहस और शर्मनाक है। विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अमेरिका ने जब ईराक पर हमला करके वहां के तानाशाह सद्दाम हुसैन को मार डाला था तो भारत में समुदाय विशेष ने सद्दाम हुसैन के चित्र को माला पहनाकर सम्मान किया और दुकानों तथा मकानों में चित्र रखे। भारत में किसी भी पार्टी की सरकार ने युद्ध का समर्थन नहीं किया। ईराक पर हमले की भी निंदा की थी। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की यात्रा पर इजरायल, रूस, यूक्रेन से युद्ध खत्म करने की अपील की। समुदाय विशेष के देशों में अशांति इस बात का प्रमाण है कि कुछ गड़बड़ है। पूरी दुनिया में जितने भी आतंकी संगठन हैं, वह समुदाय विशेष के हैं। पाकिस्तान आतंकी सरगनाओं की पनाहगाह है। पाकिस्तान आतंकवादियों को प्रशिक्षण और हथियार देकर भारत में खूनखराबा करने के लिए भेजता है। हिजबुल्लाह चीफ के मारे जाने पर पाकिस्तान के लोगों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं की, तो भारत के समुदाय विशेष के लोगों ने क्यों विरोध प्रदर्शन किया?

# प्रतिमा हटाने को लेकर संयुक्त मजिस्ट्रेट सौंपा को ज्ञापन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी की नैनीताल जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में महिला कांग्रेसियों के एक शिष्टमंडल ने मंगलवार को नैनीताल में डीएम वंदना सिंह की अनुपस्थिति में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिस तरीके से नैनीताल के तल्लीताल गांधी चौक पर स्थित सबसे पुरानी गांधी प्रतिमा को विकास व चौड़ीकरण के नाम पर हटाने का प्रयास किया जा रहा है उसे महिला कांग्रेस किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि प्रशासन की ओर से इस प्रतिमा को निकवर्ती गाँधी मंदिर ग्राम ताकुला में धरोहर के रूप में संग्रहित करने की कोशिश की जा रही है। बिष्ट के मुताबिक गाँधी प्रतिमा की स्थापना सन् सत्तर के दशक में वर्तमान स्थान पर की गयी थी तथा तब से लेकर आज तक यह शांति, सद्भावना, सत्य, अहिंसा तथा समानता और सादगी की प्रेरणाश्रोत रहीं है। असामाजिक सरकारी नीतियों अथवा दुर्दान्त घटनाओं के विरोध में सत्याग्रह और मौन प्रदर्शनों के लिए किसी संगठन अथवा दल द्वारा बापू की प्रतिमा के नीचे ही आश्रय लिया जाता रहा है जो उनके द्वारा सिखाए गए सविनय अवज्ञा और अहिंसक विरोध की प्रेरणा का स्रोत हैं। कहा कि गाँधी जी की प्रतिमा निकटवर्ती ग्राम ताकुला स्थानांतरित कराए जाने की चर्चाएं की जा रही है जो आज रखरखाव के अभाव में बदहाली की मार झेल रहा है और ऐसे में एक प्राचीन धरोहर को ध्वस्त होने के लिए छोड़ देना कतई तर्क संगत और न्याय संगत नहीं है। बिष्ट ने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से समस्त जिला महिला कांग्रेस राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा को उसके मूल स्थान तल्लीताल गांधी चौक नैनीताल से हटाए जाने का पुरजोर विरोध दर्ज करती है तथा जिला प्रशासन से गुजारिश करती है कि हमारी ऐतेहासिक और पारंपरिक धरोहर को बचाने और उसके रखरखाव तथा विकास की और सार्थक कदम बढ़ाया जाए न कि अनुसंधान की विषय वस्तु बनाकर आधुनिकता के नए रंगों के साथ उसकी मौलिकता को नष्ट किया जाए। जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मुन्नी तिवारी, सावित्री सनवाल, ऊषा कन्नौजिया, डा.सरस्वती खेतवाल, सपना बिष्ट, डा.भावना भट्ट, अंजू चौधरी, लता तरुन, चंपा सनवाल,गायत्री सनवाल,अंचल, आशा भट्ट, सुनीता आर्या,रेनू कोहली तथा देवकी देवी समेत कई महिला कांग्रेस नेत्री शामिल रही।

## नियम विरुद्ध चुनाव कराए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण महिला कर्मचारी संगठन के नियम विरुद्ध चुनाव कराए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने चुनाव परिणाम पर रोक लगाने के साथ ही कोर्ट ने सम्बंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है लेकिन कोर्ट ने यह भी कहा है कि चुनाव प्रक्रिया जारी रहेगी परन्तु चुनाव परिणाम हाईकोर्ट के अंतिम आदेश पर निर्भर रहेंगे। मामले के अनुसार मातृ शिशु एवं महिला कल्याण कर्मचारी एशोसिएशन की प्रांतीय अध्यक्षा गुड्डी मट्यूरा द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सँगठन के चुनाव को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि संगठन से निष्कासित सदस्य के प्रार्थना पत्र पर स्वास्थ्य सचिव द्वारा महानिदेशक को चुनाव कराने के आदेश जारी कर किए गए हैं। याचिका में कहा गया है कि निष्काषित सदस्यों को भी चुनाव में लडने् की अनुमति दे दी गई है जबकि संगठन से निकाले जा चुके सदस्यों को संयोजक बना दिया गया जिसमें शासन को भी गुमराह किया गया जो कि संगठन की नियमावली के विपरित है। संगठन की नियमावली के अनुसार वही सदस्य इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं।

# बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन चार मुकाबले खेले

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



शिक्षा नगरी नैनीताल शहर का सुप्रसिद्ध ऑल सेंट्स कॉलेज में 11वीं अमर ढिल्लन मेमोरियल इंटर स्कूल गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन यानी मंगलवार को चार मुकाबले खेले गए।

पहला मुकाबला ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू और सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज बी के मध्य खेला गया। यह मुकाबला मेजबान विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 45 – 2 से अपने नाम किया। मुकाबले में ऑल सेंट्स की ओर से शायना रहमान ने 17 और आकर्षि निगम ने 14 अंक अर्जित किए। दूसरा मुकाबला मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर और ऑल सेंट्स व्हाइट टीम के बीच खेला गया। इस मुकाबले में 24– 18 से मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर जीत दर्ज की। मैच में ऑल सेंट्स की ओर से अनन्या पिमोली ने 07 अंक अर्जित किए वहीं प्रतिद्वंदी टीम की अनुरिका नेगी ने 06 और रितिका चम्याल ने 07 अंक बटोरे। तीसरा मुकाबला ऑल सेंट्स व्हाइट और सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज ए के बीच खेला गया और यह 36–21 से सेंट मेरीज ए के नाम रहा। विजेता टीम की हिमांशी ढेला ने मैच में 18 व शुभनीत कौर ने 15 अंक हासिल किए। प्रतिद्वंदी टीम की ओर से अनन्या पिमोली ने 08 अंक बटोरे। आखिरी मुकाबला भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की छात्राओं और सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज बी के बीच खेला गया। इस मुकाबले में 16–06 से भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के नाम रहा। मुकाबले में विजेता टीम की हिमानी कार्की ने 6 अंक अर्जित कर अपनी टीम को जीत दिलाई वहीं प्रतिद्वंदी टीम की ओर से तरणप्रीत कौर ने 4 अंक बटोरे। इसके साथ ही ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू और सैट मेरीज बी टीम फ इनल में प्रवेश कर लिया। फ इनल मुकाबला बुधवार (आज) सांय 4 बजे खेला जाएगा। निर्णायक भुवन बिष्ट, फ रीद अहमद, समीर अली, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद फ रदीन, दीपक थापा व तरुण रहे। इस दौरान भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता समेत गोपाल बिष्ट, मयंक रावत, भावना साह, निहारिका गोसाईं, प्रीतिका तिवारी, हरीश जोशी, भूपेंद्र रावत, सुनीता चौहान तथा ज्योतिका गिल व अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## अपनी बेटी आराध्या के लिए ऐसा सोचती हैं ऐश्वर्या राय




*अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन अक्सर अपनी बेटी आराध्या के साथ नजर आती हैं। ऐश्वर्या अपनी बेटी पर जान छिड़कती हैं। बातचीत के दौरान ऐश्वर्या ने बताया कि वह अपनी बेटी के बारे में क्या सोचती हैं। अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन को अक्सर उनकी बेटी आराध्या बच्चन के साथ स्पॉट किया जाता है। ऐश्वर्या अपनी बेटी के बेहद करीब हैं। ऐश्वर्या इन सभी जगहों पर लगभग हमेशा अपनी बेटी के साथ दिखाई पड़ती हैं। दोनों एक साथ एक दूसरे का हाथ पकड़े चलती नजर आती हैं। ऐश्वर्या अपनी बेटी को अपनी दुनिया मानती हैं। अपनी बेटी को लेकर ऐश्वर्या क्या सोचती हैं, आइए आपको बताते हैं। अपनी बेटी आराध्या को लेकर ऐश्वर्या ने कहा कि वह अपनी बेटी को लेकर काफी ज्यादा सोचती हैं। ऐश्वर्या ने कहा, आराध्या ही मेरे लिए सब कुछ हैं। वो ठीक हैं, तो मैं ठीक हूं। ये दुनिया खुशियों से भरी है। वह मेरी दुनिया है और मैं इससे काफी खुश रहती हूं। खुश होते हुए ऐश्वर्या ने कहा, आराध्या, आराध्या, आराध्या। हाल ही में ऐश्वर्या राय बच्चन और आराध्या दुबई के अवॉर्ड शो एसआईआईएमए 2024 में नजर आईं थीं। ऐश्वर्या राय बच्चन ने इस अवॉर्ड शो में मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेलवन में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। अवॉर्ड फंक्शन के दौरान भी आराध्या काफी चर्चा में रही थीं। उन्होंने शिव राज कुमार के पैर छूकर आशीर्वाद लिया था, ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद प्रशंसकों ने आराध्या के संस्कारों और परवरिश की तारीफ की।*

### बेटी को हमेशा साथ दिखेंगी ऐश्वर्या राय

*एक बातचीत के दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान ऐश्वर्या से जब कहा गया कि वह सबसे अच्छी बातें सीख रही हैं, क्योंकि वो हमेशा आपके साथ रहती हैं। ऐश्वर्या ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, वो मेरी बेटी है, मेरे साथ ही रहेगी।*

# बैठक में विभिन्न मुद्दों पर गहन मंथन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय महिला परिषद की आवश्यक बैठक मंगलवार को परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर गहन मंथन किया गया।

बैठक में परिषद के द्वारा विगत 6 माह से कराए जा रहे ब्यूटीशियन कोर्स के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करने पर चर्चा की गयी। सर्वसम्मति से तय किया गया कि प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम 19 अक्टूबर (शनिवार) को नैनीताल क्लब में अपराह्न 2 बजे से आयोजित किया जाएगा जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट होंगे। क्लब की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सहयोग की अपील की। बैठक में परिषद की सचिव प्रीति शर्मा समेत मंजू कोटलिया, उपाधक्ष सावित्री सनवाल, जॉइन सेक्रेटरी दया बिष्ट समेत गजाला कमाल, डा.सरस्वती खेतवाल,रेखा त्रिवेदी, तारा बोरा, मीनू बुढ़लाकोटी, तारा राणा, नंदिनी पंत तथा आफ रीन आदि उपस्थित रहे।



# मांग: नैनीझील की स्वच्छता को लेकर समाजसेवी आहत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीझील में फैलते प्रदूषण से आहत समाजसेवियों ने भारत सरकार के राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण(एन.जी.टी.) व पर्यावरण मंत्रालय से झील बचाने की मांग की है। हल्द्वानी निवासी समाजसेवी हेमंत गोनिया ने बताया कि नैनीझील को लेकर नैनीताल का अस्तित्व है। साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से यह झील खास मायने रखती है, लेकिन अनदेखी के चलते यह झील गंदगी का शिकार हो रही है। पूर्व भी पी.एम., सी.एम.व राज्यपाल को झील में बढ़ती गंदगी से अवगत कराया था, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से हम सभी आहत हैं। झील में गिरने वाले कई नाले, सीवर और कूड़ा लेकर झील में समाते हैं। ऐसे में अल्पसमय में ही झील का अस्तित्व खतरे में आ सकता है। भेजे पत्र में उनके साथ अन्य पर्यावरण प्रेमियों ने भी इस मुहिम में हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने बताया कि नाले से मलमूत्र और प्लास्टिक बहकर झील में जाता है और बदबू से उसके बगल में खड़ा होना दूभर हो जाता है। झील की सफाई नहीं होने के कारण वो मजबूर होकर एन.जी.टी.की शरण मे आए हैं। पत्र में मांग की गई है कि एक जांच कमेटी बनाकर मौका मुआयना किया जाए और दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए। झील की देखरेख द्य वाले सिंचाई विभाग, नगर पालिका, जल संस्थान और जिला विकास प्राधिकरण में यह पत्र घूमते रहे लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। नैनीझील बचाने की मुहिम में कमल जगाती , विकास चंद्र मनोज जगाती दिनेश सिंह, विकास चंद आर्य, प्रेमा राणा, अमित राणा, रूपा अधिकारी, खष्टि बिष्ट, गीता बिष्ट, जगदीश नेगी, अमित रस्तोगी, हरीश चंद्र जोशी, संतोष बल्यूटिया, कविता बिष्ट, अतुल बिष्ट, मोहन शर्मा, मयंक शर्मा, योगेश मेहता, सुरेंद्र बिष्ट, प्रशांत बिष्ट, अजय गुप्ता, जगमोहन बगड़वाल आदि शामिल हैं। मालूम हो कि नैनी झील के अस्तित्व को बचाने के लिए नगर के कई संगठन इसकी आवाज उठाते रहे हैं।



**मांग**

- राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण व पर्यावरण मंत्रालय से झील बचाने की मांग की

## News कॉर्नर

### पुलिस ने नशे में वाहन चलाने से रोका तो युवक ने काटा हंगामा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में बीति देर रात एक व्यक्ति को नशे में गाड़ी चलाने से पुलिस ने जब उसे रोका तो व्यक्ति ने हंगामा काट दिया। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर उसको नशा उतरने के बाद वाहन चलाने दिया। जानकारी के मुताबिक मल्लीताल मस्जिद तिराहे में ड्यूटी के दौरान पुलिस को एक वाहन चालक नशे में वाहन चलाता प्रतीत हुआ। पुलिस ने वाहन रोक व्यक्ति से पूछताछ की। इस दौरान व्यक्ति शराब के नशे में था। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से व्यक्ति को नशा उतरने के बाद वाहन चलाने की सलाह दी। जिस पर व्यक्ति हंगामा काटने लगा। बीच सड़क में हंगामा काटने पर पुलिस व्यक्ति को कोतवाली ले आई,वहां भी युवक ने हंगामा काटता रहा लेकिन पुलिस ने नशा उतरने तक व्यक्ति को कोतवाली में बैठाए रखा। मामले में एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि हल्द्वानी निवासी हरीश चन्द्र के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

### शिक्षणेतर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** पांच सूत्री मांगों के लिए एसएसजे विश्वविद्यालय के शिक्षणेतर कर्मियों ने विवि प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने विवि के खिलाफ नारेबाजी की। जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। शिक्षणेत्तर कर्मी मंगलवार को विवि के प्रशासनिक भवन पहुंचे और दो घंटे कार्य बहिष्कार करने के बाद विवि प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। शिक्षणेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जीवन चंद्र मठपाल ने कहा कि एसएसजे विवि बनने के बाद भी कर्मचारियों के पीएफ खाता कुमाऊं विवि से ही संचालित होता है। इससे समय पर उनका पीएफ जमा नहीं हो पाता है।

# पुलिस ने मारा होटल में छापा, अंतर्राज्यीय देह व्यापार का पर्दाफाश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर जनपद में अवैध कृत्यों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने एक होटल में छापा मारकर अंतराज्यीय अनैतिक देह व्यापार का पर्दाफाश किया।

पुलिस ने होटल से महिलाएं समेत सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। यह कार्रवाई एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के पर्यवेक्षण में हुई। एसपी सिटी ने बताया कि सीओ खटीमा के नेतृत्व में पुलिस ने होटल शगुन मंडप में छापा मारा।

होटल में 4 पुरुष व 3 महिलाओं को वेश्यावृत्ति करते हुए आपत्तिजनक सामग्री के साथ पकड़ा। उन्होंने बताया कि बरामदगी के आधार पर थाना झनकईया में धारा 3/4/5/7 अनैतिक देह व्यापार अधिनियम व 143 बीएनएस पंजीकृत किया गया है। पुलिस पूछताछ के दौरान अभियुक्त राजकुमार उर्फ राजा यूपी, उत्तराखण्ड, दिल्ली , वेस्ट बंगाल विभिन्न शहरों की युवतियों को बुलाकर उनसे अनैतिक देह व्यापार कराया जा रहा था। एसपी सिटी ने बताया कि महिलाओंन में एक महिला पश्चिम बंगाल, कानपुर, गाजियाबाद की निवासी हैं।



**गिरफ्तार अभियुक्त:** राजकुमार उर्फ राजा निवासी बनपुरी थाना सितारगंज, पुष्कर राम निवासी बंगा फर्त्याल कला चौराहा लोहाघाट चंपावत, सूरज कुमार टम्टा निवासी बंगा फर्त्याल कला चौराहा लोहाघाट चंपावत, आकाश निवासी धनपुरी न्यूरिया पीलीभीत उत्तर प्रदेश ।

# बालिका-बालक फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण में क्वाटर फाइनल मैच खेले

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी तथा सिंथिया इन्टरनेशनल स्कूल हरकपुर क्रीरा लामाचौड़ हल्द्वानी के संयुक्त तत्वावधान में सेवन ए साइड अंतर विद्यालयी बालिका-बालक फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण में क्वाटर फाइनल के मैच खेले गए।

बालक-बालिका दोनों ही वर्गों के खिलाडियों की स्वस्थ खेल भावना और पूरे जोश के बीच कड़ी टक्कर देते हुए अपना सर्वोत्तम देने का प्रयास स्पष्ट दिखायी दिया. जिला पंचायत नैनीताल के उपाध्यक्ष आनंद सिंह दर्मवाल, उत्तराखंड प्रदेश व्यापार मंडल अध्यक्ष नवीन वर्मा, मटर गली व्यापारी एसोसियेशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली ने खिलाडियों को संबोधित करके उनका मनोबल भी बढाया तथा सिंथिया परिवार द्वारा किये गए भव्य आयोजन की सराहना की। बीते रोज क्वाटर फायनल के मैचों में बालिकाओं में सिंथिया, क्रोंस, मदर्स ग्लोरी ने एवं बालको के वर्ग में बी एल एम, बीरशिबा, क्रोंस व डीपीएस ने कल खेले जाने वाले सेमी फायनल के मुकाबलों में अपनी जगह बना ली। तीसरे दिन खेले गए मैचों में 'प्लेयर ऑफ़ द मैच' का पुरस्कार सिंथिया की तान्या, मदर्स ग्लोरी की स्मृति, बी एल एम् के हर्षित, डी पी एस के धनंजय, सेंट लोरेन्स के मयंक, बीरशिबा के मयंक धर्मसक्तु, बीएलएम के मिलन पाण्डेय, क्रोंस के कृष्णा तथा डी पी एस के यश रोहतगी को दिया गया।



# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया



नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला बार एसोसिएशन नैनीताल में मंगलवार को उजाला सिग्नस सैन्ट्रल हॉस्पिटल हल्द्वानी के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ जिला जज सुबीर कुमार, प्रथम एडीजे विक्रांत, सीजेएम रवि प्रकाश एवं सिविल जज हर्ष यादव, तथा पूर्व जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष हरि शंकर कंसल,ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा कर किया,बाद में जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने अपना-अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में लगभग 150 अधिवक्ताओं ने स्वास्थ्य परीक्षण हेतु रजिस्ट्रेशन किया गया, जिसमें हृदय संबंधी, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज तथा ऑख से सम्बन्धित और अन्य बीमारियों के बारे में चिकित्सकों ने परामर्श एवं जॉच की। सुबह 11 बजे से शुरु हुआ शिविर शाम 4 बजे तक चला। स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए अधिवक्ता सहित आम लोग भी शिविर में पहुंचे। शिविर में डॉक्टर योगेश नागेन्द्र,डॉ. मानसी सेठी,डा. विजय चन्याल तथा डॉ आरती कश्यप द्वारा निश्शुल्क निरीक्षण व परामर्श प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त निश्शुल्क ई0सी0जी0 तथा बी0पी0 व शुगर की जॉच की गई तथा मोतियाबिन्द का ऑपरेशन, फ ल्डेबल लेन्स लगाकर फैको तकनीक से भी नि:शुल्क की गई। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी, सचिव संजय सुयाल, उपाध्यक्ष अनिल हर्नवाल तथा संयुक्त सचिव मनीष काण्डपाल, वरिष्ठ अधिवक्ता शाह, तथा उजाला सिग्नस सैन्ट्रल हॉस्पिटल हल्द्वानी के अंकिता शर्मा, पंकज कुमार,पंकज कुलौरा, मनीष मोहन जोशी, राजीव शाह, नीरज नीरज भाकुनी, प्रकाश पांडे, ललित रावत, तस्लीम सलमानी, संजय त्रिपाठी, नवीनचद्र, मुकेश कुमार,योगेश सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## दानपात्र तोड़ कर रुपये चुराए

अल्मोड़ा। तहसील रानीखेत अंतर्गत सोनी के तल्ला डाबर गांव के देवी मंदिर में सोमवार देर रात चोरों ने मंदिर का गेट और दानपात्र का ताला तोड़ धनराशि पर हाथ साफ कर लिया। पुजारी कैलाश चंद्र पपने ने बताया कि चोर दानपात्र में जमा धनराशि ले गए। उन्होंने बताया कि जब वह सुबह पूजा करने गए तो मंदिर के ताले टूटे देखकर उन्होंने प्रधान बीना देवी को मामले की सूचना दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने मंदिर के गेट का भी ताला तोड़ दिया।

# बॉलीवुड सितारों के किरदार में अंजलि बनीं करवाचौथ क्वीन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मृदुला नारी शक्ति क्लब का करवा चौथ उत्सव करवा चौथ का चांद बॉलीवुड सितारों के नाम थीम पर नैनीताल रोड स्थित एक निजी होटल में मनाया गया।

क्लब के सभी सदस्यों ने बॉलीवुड सितारों के किरदार में अपने आप को उतारा और बढ़-चढ़कर इसमें प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का जजमेंट अंशिल वर्मा के द्वारा किया गया। हमारे कार्यक्रम की स्पॉन्सर प्रेम ज्वैलर्स की ओनर मनीषा गुप्ता ने जजमेंट में अपना सहयोग दिया। क्लब के अध्यक्ष नीतू अग्रवाल ने सबको करवा चौथ की बधाई दी। करवा चौथ क्वीन अंजलि अग्रवाल, बॉलीवुड सुपरस्टार गुंजन सिंघल, बेस्ट बॉलीवुड अटायर निकिता जैन, बेस्ट बॉलीवुड डांस निमिष गर्ग, बेस्ट बॉलीवुड एक्टर पूजा सिंघल, बेस्ट बॉलीवुड जोड़ी प्राची और शालिनी, डिपिन्का और अर्चना मित्तल,

बेस्ट बॉलीवुड परफॉर्मेंस एकता अग्रवाल को पुरस्कार दिया गया। मंच का संचालन प्राची अग्रवाल और रंजना अग्रवाल के द्वारा किया गया। क्लब की अध्यक्षा नीतू अग्रवाल और महासचिव दिपिंका अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मनीषा सिंह, मीनू गुप्ता, निधि अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, प्रियंका गुप्ता, निकिता अग्रवाल, पूजा अरुण उपस्थित रहे।



# महिला हॉकी टूर्नामेंट के अंतर्गत 9 मुकाबले खेले गए

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल हॉकी अकादमी द्वारा आयोजित व सेंचुरी पल्प एंड पेपर लालकुआं द्वारा प्रायोजित तथा द नैनीताल बैंक और कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक नैनीताल द्वारा सह प्रायोजित ऑल इंडिया 5 -ए- साइड महिला हॉकी टूर्नामेंट के अंतर्गत मंगलवार को 9 मुकाबले खेले गए।

प्रतियोगिता के तहत प्रथम मैच मेरठ बनाम छत्तीसगढ़ के बीच हुआ जिसमें मेरठ ने 7 गोल व छत्तीसगढ़ ने 1 गोल किया। दूसरा मुकाबला ऑल सेंट्स कॉलेज नैनीताल व गोरखपुर के मध्य खेला गया जिसमें गोरखपुर 8-0 से विजयी रहा। तीसरा मुकाबला यूपी पुलिस और मुरादाबाद के मध्य खेला गया जिसमें 4-1 से यूपी पुलिस विजयी रही। चौथे मैच में हापुड़ और रामपुर के मध्य हुए मुकाबले में रामपुर 6-1 से विजय रही। पांचवे मैच में हॉकी अकादमी नैनीताल और बिजनौर के मध्य खेला गया मुकाबले में नैनीताल हॉकी अकादमी नैनीताल 7-0 से विजयी रही। छठे मैच में हल्द्वानी और मेरठ के बीच खेले गए मैच में हल्द्वानी 3-2 से विजय रही। सातवें मैच में कोलकाता और गोरखपुर के मध्य खेला गया जिसमें 4-1 से गोरखपुर विजय रहा। आठवें मैच में रामपुर और मुरादाबाद के बीच खेला गया मैच में 5-2 से मुरादाबाद विजय रहा जबकि अंतिम और नौवाँ मैच जोकि बिजनौर और रुद्रपुर के मध्य खेला गया, मैच में रुद्रपुर 3-2 अंकों से विजयी रहा। प्रतियोगिता के निर्णायक डा. मनोज सिंह बिष्ट, देवेंद्र सिंह बोरा, अमित कुमार, प्रियंका बिष्ट तथा मंजुल प्रकाश सनवाल रहे जबकि तकनीकी समिति में राजेश साह, दीपक साह, गिरीश भट्ट, संजय गुप्ता तथा अनिल रावत शामिल रहे। दूसरी ओर टूर्नामेंट को सफल बनाने में नैनीताल हॉकी अकादमी के अध्यक्ष मुकेश जोशी समेत आयोजक सचिव आशु बोरा, राजेंद्र सिंह रावत, मनोज साह, मोहित लाल साह, जगदीश चंद्र बवाड़ी, आनंद सिंह बिष्ट, विमल चौधरी, गोधन सिंह,भुवन बिष्ट तथा हरीश सिंह राणा आदि उपस्थित रहे।

